# BIHAR SPONGE IRON LIMITED.

REGISTERED OFFICE & PLANT : UMESH NAGAR, CHANDIL-832401, DISTT. SARAIKELA - KHARSAWAN, JHARKHAND
PHONE (EPABX) : 06591-232410, 232417, Fax : 06591-232412
E-mail : bsilchandil@gmail.com / Web : bsil.org.in

14TH APRIL, 2021

**The General Manager**
Listing Centre,
BSE Limited,
P J Towers, Dalal Street,
MUMBAI- 400 001

**Sub: Newspaper advertisement for Transfer of Shares in accordance with SEBI Circular SEBI/HO/MIRSD/DOS3/CIR/P/2018/139 dated 6th November 2018 and SEBI/HO/MIRSD/RTAMB/CIR/P/2020/166 dated 7th September 2020**

SCRIP CODE: 500058

Dear Sir,

Pursuant to above SEBI circular dated 6th November, 2018 and 7th September, 2020 w.r.t standardised norms for transfer of securities in physical mode, please find enclosed copies of newspaper advertisement published in Financial Express (English) and Naya India on 14th April, 2021.

This is for your information and record.

Kindly acknowledge the receipt.

Thanking you,

**For BIHAR SPONGE IRON LTD**

BIHAR SPONGE IRON LIMITED

**HIMANI MITTAL**
**COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER**
**E-mail: companysecretary.bsil@org.in**

### जापान एवं जर्मनी ने चीन के बढ़ते दबदबे को लेकर बातचीत की

**तोक्यो, एपी।** हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे को लेकर चिंतित जापान एवं जर्मनी मंगलवार को अपनी सुरक्षा वार्ता में सैन्य सहयोग बढ़ाने पर राजी हुए। ऑनलाइन माध्यम से हुई तथाकथित ''टू-प्लस-टू'' वार्ता में जापान और जर्मनी के विदेश मंत्रियों एवं रक्षामंत्रियों ने मार्च में हुए खुफिया सूचना आदान-प्रदान समझौते के आधार पर रक्षा एवं सैन्य उपकरणों तथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर सहमति जतायी। जापान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि चारों मंत्रियों ने पूर्व एवं दक्षिण चीन सागरों में चीन के क्षेत्रीय दावों पर विचार-विमर्श किया।

## सार समाचार

### ईरान ने यूरेनियम संवर्धन 60 प्रतिशत तक बढ़ाया

**तेहरान, वार्ता।** ईरान ने मंगलवार को यूरेनियम का संवर्द्धन बढ़ाकर 60 प्रतिशत तक कर दिया। इरना समाचार एजेंसी ने ईरान के उप विदेश मंत्री अब्बास अरागची के हवाले से यह जानकारी दी। एजेंसी ने कोई अतिरिक्त विवरण नहीं दिया, लेकिन नतांज में एक परमाणु संयंत्र में हमले के बाद परमाणु से जुड़े कार्यों को बढ़ाने के ईरान के इरादों के बीच यह खबर आयी है। श्री अरागची ने मंगलवार को बताया कि ईरान के नतांज परमाणु संयंत्र में 1,000 और सेंट्रीफ्यूज स्थापित करने की योजना है। प्रेस टीवी ब्रॉडकास्टर ने कहा, "ईरान नतांज परमाणु संयंत्र में 1,000 और सेंट्रीफ्यूज लगायेगा।" ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन ने रविवार सुबह बताया कि नतांज संयंत्र में एक हमला हुआ है जिससे उसका बिजली वितरण नेटवर्क प्रभावित हुआ है। संगठन के प्रमुख अली अकबर सालेही ने इस घटना को 'परमाणु आतंकवाद' बताया।

### ईरान-अमेरिका वार्ता की मध्यस्थता के लिए तैयार है रूस: रयाबकोव

**मास्को, स्पूतनिक।** रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने मंगलवार को कहा कि अगर अनुरोध किया जाता है तो रूस ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत की मध्यस्ता के लिए तैयार है। श्री रयाबकोव ने कहा, "यह मध्यस्थता का सवाल नहीं है, लेकिन वियना में शुरू हुई वार्ता में सफलता प्राप्त करने के लिए हम क्या कर सकते हैं, यह सवाल है। जेसीपीओएए के सदस्यों और अमेरिका के बीच केवल अप्रत्यक्ष बातचीत चल रही है। इस शर्त को ईरान ने आगे रखा था। हम इस शर्त को समझते हैं। हम इन परामर्शों में भाग लेते हैं।"

### इजरायल से नतांज घटना का जवाब मांगेगा ईरान: जरीफ

**तेहरान, वार्ता।** ईरान ने नतांज परमाणु संयंत्र में हाल में हुई विस्फोट की घटना पर इजरायल से जवाब मांगने का फैसला किया है। विदेश मंत्री मोहम्मद जवाद जरीफ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, "यदि यह ज्ञात हो जाता है कि इजरायल की सरकार जिम्मेदार है और इस घटना के पीछे उसी का हाथ है, तो उसे जवाबदेह ठहराया जायेगा। इसके बाद इजरायल सरकार को पता चलेगा कि उन्होंने कितना मूर्खतापूर्ण काम किया है। ईरान को परमाणु मुद्दों पर बातचीत के दौरान इस मुद्दे पर कुछ कहना होगा।" श्री जरीफ ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ वार्ता के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

### पेरू में सड़क हादसे में 20 की मौत

**लीमा, वार्ता।** मध्य पेरू में सड़क हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गयी तथा कई अन्य लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सोमवार को उस समय घटित हुई, जब एक बस परोबम्बा में सड़क पर पलट गयी। अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर कहा, इस हादसे में 18 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गयी तथा दो लोगों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ा। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में 14 अन्य लोग घायल हुए हैं।

# विश्व में कोरोना संक्रमितों की संख्या 13.66 करोड़ के पार

**वाशिंगटन/नई दिल्ली** ■ वार्ता

दुनिया में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है और अभी तक इस वायरस के संक्रमण से 13.66 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित हो चुके हैं तथा 29.46 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केंद्र (सीएसएसई) की ओर से जारी ताजा आँकड़ों के अनुसार दुनिया के 192 देशों एवं क्षेत्रों में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 13,66,76,442 तक पहुंच गयी है, जबकि अभी तक इस संक्रमण से 29,46,124 लोगों की मौत हो चुकी है। वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना वायरस का कहर बढ़ता ही जा रहा है तथा यहां संक्रमितों की संख्या तीन करोड़ 12 लाख से अधिक हो गई है



जबकि पांच लाख 62 हजार 533 मरीजों की मौत हो चुकी है।

दुनिया में एक करोड़ से अधिक कोरोना संक्रमितों की संख्या वाले तीन देशों में शामिल भारत ने ब्राजील को पीछे छोड़ दिया है और दूसरे स्थान पर काबिज हो गया है, यहां संक्रमितों की कुल संख्या 1,36,89,453 तक पहुंच गयी है। इस महामारी के संक्रमण से 1,71,058 लोगों की मौत हो चुकी है।

ब्राजील संक्रमितों के मामले में अब तीसरे स्थान पर है। देश में कोरोना संक्रमण के मामले फिर से तेजी से बढ़ रहे हैं और इससे 1,35,17,808 लोग प्रभावित हुए है जबकि इसके संक्रमण से अभी तक 3,54,616 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्राजील कोरोना की मौत के मामले में विश्व में दूसरे स्थान पर है । संक्रमण के मामले में फ्रांस चौथे स्थान पर है यहां कोरोना वायरस से अब तक 51.28 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं जबकि 99,294 मरीजों की मौत हुयी है। इसके बाद रूस में कोरोना वायरस से करीब 45.97 लाख लोग प्रभावित हुए हैं और 101,552 लोगों की मौत हो चुकी है।

ब्रिटेन में कोरोना वायरस प्रभावितों की कुल संख्या 43.88 लाख से अधिक हो गयी है और 1,27,346 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना मृतकों के मामले में ब्रिटेन पांचवें स्थान पर है। तुर्की में कोरोना वायरस से अब तक करीब 39.03 लाख लोग प्रभावित हुए हैं और 34,182 लोगों ने जान गंवाई है। इटली में संक्रमितों की संख्या करीब 37.79 लाख से अधिक हो गई है और 114,612 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों के मामले में इटली छठे स्थान पर है। स्पेन में इस महामारी से अब तक करीब 33.70 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं और 76,525 लोगों की मौत हो चुकी है। जर्मनी में इस वायरस की चपेट में आने वालों की संख्या 30.34 लाख हो गई है और 78,796 लोगों की मौत हो चुकी है। पोलैंड में कोरोना वायरस से करीब 25.86 लाख लोग प्रभावित हुए हैं और इस महामारी से 58,481 लोग जान गंवा चुके हैं। कोलंबिया में कोरोना वायरस से अब तक 25.52 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और 66,156 लोगों ने जान गवाई है। अर्जेंटीना में कोरोना से 25.51 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं और 57,957 लोगों की जान जा चुकी है।

## जॉनसन एंड जॉनसन के टीके पर की अस्थायी रोक की सिफारिश

**वाशिंगटन** ■ एपी

अमेरिका ने खून के थक्के जमने की रिपोर्टों की जांच करने को लेकर जॉनसन एंड जॉनसन के एक खुराक वाले कोविड-19 के टीके लगाने को ''अस्थायी रूप से रोकने'' की सिफारिश की है।

रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) और खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि वे टीकाकरण के कुछ दिनों बाद छह महिलाओं में खून के थक्के जमने संबंधी मामले की जांच कर रहे हैं। बयान में कहा गया है कि खून में प्लेटलेट की घटी हुई संख्या के साथ खून के थक्के पाये जाने से इसके (खून के थक्कों) उपचार में आमतौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला ब्लड थिनर 'हेपरिन' (दवा) संभवतः खतरनाक साबित हो सकता है।

बयान में कहा गया है कि इस टीके की अमेरिका में 68 लाख से अधिक खुराक दी गई है,जिनमें से ज्यादातर में किसी तरह का दुष्प्रभाव नहीं देखा गया है।

जन टीकाकरण केंद्रों सहित अमेरिकी संघीय वितरण केंद्र जॉनसन ऐंड जॉनसन के टीके की खुराक देने को अस्थायी रूप से रोक देंगे और प्रांतों तथा टीकाकरण करने वाले अन्य पक्षों से भी इसका अनुपालन करने की उम्मीद की जा रही है। हालांकि, दो अन्य टीके मॉडरेना और फाइजर, पर यह अस्थायी रोक लागू नहीं होगी। टीकाकरण पर सीडीसी की सलाहकार समिति की बुधवार को बैठक होगी, जिसमें मामलों पर चर्चा होगी। साथ ही, एफडीए ने भी खून के थक्के जमने और प्लेटलेट की संख्या घटने की जांच शुरू कर दी है। सीडीसी की प्रधान उप निदेशक डॉ एनी सुचैट और एफडीए के सेंटर फॉर बायोलॉजिक्स इवैलुएशन ऐंड रिसर्च के निदेशक डॉ पीटर मार्क्स ने संयुक्त बयान में कहा, ''प्रक्रिया पूरी होने तक, हम इस टीके के उपयोग पर अस्थायी रूप से रोक लगाने की सिफारिश कर रहे हैं।''

## कोविड-19 पाबंदियों के बीच रमजान महीने की शुरुआत

**मक्का** ■ एपी

सऊदी अरब समेत दुनिया के कई हिस्सों में मंगलवार से रमजान महीने की शुरुआत हो गई। हालांकि कई देशों में इस बार भी कोविड-19 महामारी के चलते इफ्तार और तरावीह पर पाबंदियां लगाई गई हैं।

वैसे, इस बार पिछले साल की तुलना में कम पाबंदियां लगाई गई हैं। मुस्लिम बहुल देशों में टीकाकरण लगातार जारी है, जिसके चलते मस्जिदें खुली हैं और आवाजाही पर पाबंदी में कुछ रियायतें दी गई हैं। मक्का में मुसलमानों ने भौतिक दूरी बनाकर 'तरावीह' की नमाज अदा की, जिसे रमजान की शुरुआत माना जाता है। मक्का में काबा स्थित है, जिसकी ओर रुख करके दुनियाभर के मुसलमान नमाज अदा करते हैं।

वायरस को फैलने से रोकने के लिये मस्जिद अल-हराम में सीमित संख्या में लोगों को नमाज अदा करने की अनुमति दी गई है। काबा इसी मस्जिद में स्थित है।

सऊदी अधिकारी टीका लगवा चुके या हाल ही में संक्रमण से उबरे लोगों को ही काबा में तरावीह अदा करने की अनुमति दे रहे हैं। लेबनान में भी मंगलवार को रमजान की शुरुआत हो गई। लेबनान बुरे आर्थिक और वित्तीय संकट की चपेट में है। देश की मुद्रा बीते महीनों में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 80 प्रतिशत तक कमजोर हो गई है। दशकों से जारी भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के चलते पैदा हुए इस संकट को कोरोना वायरस महामारी ने और बढ़ा दिया है। इराक में रमजान के महीने में शाम सात बजे से सुबह पांच बजे तक कर्फ्यू और सप्ताहांत में पूरी तरह लॉकडाउन लागू रहेगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने नियमों का पालन नहीं करने पर लगतार तीन दिन तक लॉकडाउन लागू करने की चेतावनी दी है।

## कोविड महामारी के दौरान यौन हिंसा में बढ़ोतरी हुई

**संयुक्त राष्ट्र, एपी।** कोविड-19 महामारी के कारण पिछले वर्ष लिंग आधारित हिंसा में बढ़ोतरी देखी गई और कई देशों में यौन हिंसा को ''युद्ध की क्रूर युक्ति'' एवं राजनीतिक दमन के तौर पर इस्तेमाल किया गया। यह बात सोमवार को संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने एक रिपोर्ट जारी कर कही।

रिपोर्ट में 18 देशों का जिक्र है जहां के बारे में संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि उसे सत्यापित सूचना प्राप्त हुई। इसमें 52 पक्षों का जिक्र है जिन पर हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में ''बलात्कार या यौन हिंसा के अन्य प्रारूप'' का इस्तेमाल करने का ''ठोस संदेह'' है। इसमें कहा गया है कि 70 फीसदी से अधिक सूचीबद्ध पक्ष ''सतत षड्यंत्रकारी हैं।''

## कोविड-19 महामारी का अंत अभी काफी दूर है: डब्ल्यूएचओ प्रमुख

डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने आगाह किया कि महामारी का अंत दूर है लेकिन दुनिया के पास आशावादी होने के कई कारण हैं।

**संयुक्त राष्ट्र** ■ भाषा

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रोस अदानोम गेब्रेयसस ने कहा है कि भले ही दुनियाभर में अब तक कोविड-19 रोधी टीकों की 78 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं, महामारी का अंत अब भी काफी दूर है। बहरहाल, जन स्वास्थ्य के संबंध में कड़े कदम उठाकर कुछ महीनों में इसे काबू में किया जा सकता है। चीन के वुहान



शहर में दिसंबर 2019 में कोरोना वायरस संक्रमण का पहला मामला सामने आया था। अब तक दुनियाभर में 13,65,00,400 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। इनमें से 29,44,500 की मौत हो चुकी है।

डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा, 'दुनियाभर में जनवरी और फरवरी में लगातार छह हफ्तों तक संक्रमण के मामलों में कमी देखी गई। अब हम लगातार सात सप्ताह से मामलों में वृद्धि देख रहे हैं और चार सप्ताह से मौत के मामलों में इजाफा हो रहा है।

**कार्यालय**
**सिविल सर्जन, सदर अस्पताल, गुमला**

**अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**

सदर अस्पताल, गुमला के लिये वित्तीय वर्ष 2021-22 में दवा एवं रसायन/ मशीन उपकरण सामग्रियो का दर अनुमोदन/आपूर्ति हेतु मुहरबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक/हाथो-हाथ निम्नवत् निविदा आमंत्रित की जाती है -

1. (i) ग्रुप ए0 - दवा एवं रसायन सामग्री - पार्ट -1
(ii) ग्रुप बी0 - मशीन एवं उपकरण सामग्री - पार्ट - 2

| | |
|---|---|
| निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | 24.04.2021 |
| निविदा समर्पित करने का स्थान एवं पता | सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल परिसर, गुमला झारखण्ड पिन न0 835207 |
| निविदा खुलने की तिथि | 26.04.2021 (पूवाह्न 11.30 बजे) |
| निविदा खुलने का स्थान | कार्यालय, सिविल सर्जन, सदर अस्पताल, गुमला। |

➢ नोट - निविदा से संबंधित शर्तें/निविदा शुल्क/अग्रधन की राशि/दवा एवं रसायन, मशीन एवं उपकरण की सूची एवं आपूर्ति सामग्री की सूची आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी समाचार पत्रों पर निविदा प्रकाशन के उपरांत कार्यालय-सिविल सर्जन, सदर अस्पताल, गुमला के सूचना पट्ट पर या NIC GUMLA के वेबसाइट www.gumla.nic.in पर देखी जा सकती है।

PR 245582 Health Med Edu and Family Welfare (21-22)_D

सिविल सर्जन
सदर अस्पताल, गुमला

# आर्थिकी/कंपनियां


## बाजार में आई तेजी, सेंसेक्स 660 अंक मजबूत

वित्तीय, वाहन कंपनियों के शेयर चमके।

**मुंबई** ■ भाषा

वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी लौट आयी और सेंसेक्स 660 अंक उछलकर बंद हुआ। वाहन और वित्तीय कंपनियों के शेयरों की अगुवाई में यह तेजी आयी। शेयर बाजार में सोमवार को बड़ी गिरावट आयी थी।

सरकार के टीकों की उपलब्धता बढ़ाने और देश में टीकाकरण की गति तेज करने के इरादे से अन्य देशों में विकसित वैक्सीन को आपात इस्तेमाल के लिए मंजूरी देने की प्रक्रिया तेज करने के निर्णय से निवेशकों पर सकारात्मक




प्रभाव पड़ा है। औषधि नियामक ने रूस के कोविड-19 रोधी टीके 'स्पूतनिक वी' के सीमित आपात इस्तेमाल को सोमवार को कुछ शर्तों के साथ मंजूरी दे दी। इससे देश में तीसरे कोविड रोधी टीके का रास्ता साफ हो गया है।

कारोबारियों के अनुसार हालांकि कोविड-19 की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और निकट भविष्य में बाजार की गति को निर्धारित करेगी। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में शुरूआत बढ़त के साथ हुई और दोपहर कारोबार में इसमें गति आयी। अंत में यह 660.68 अंक यानी 1.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 48,544.06 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 194 अंक यानी 1.36 प्रतिशत मजबूत होकर 14,504.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में महिंद्रा एंड महिंद्रा रहा। इसमें 8.02 प्रतिशत की तेजी आयी। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, मारुति, एक्सिस बैंक, ओएनजीसी और एचडीएफसी बैंक में भी तेजी रही। दूसरी तरफ, सॉफ्टवेयर सेवा प्रदाता कंपनी टीसीएस के शेयर में सर्वाधिक 4.21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। कंपनी के वित्तीय परिणाम की घोषणा के एक दिन बाद में यह गिरावट आयी।

## समुद्री उत्पादों के लिये ई-सांता मंच किसानों को बनाएगा सशक्त: गोयल

**नई दिल्ली, भाषा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि समुद्री उत्पादों के लिये ई-वाणिज्य मंच, ई-सांता किसानों को सशक्त बनाएगा क्योंकि वे इस पोर्टल के जरिये अपनी उपज आसानी से बेच पाएंगे। मंत्री ने मंच ई-सांता (इलेक्ट्रॉनिक सॉल्यूशन फॉर ऑग्मेंटिंग एनएसीएसए फार्मर्स ट्रेड इन एक्वाकल्चर) की शुरूआत करते हुए यह भी कहा कि इससे किसान हाजिर के साथ वायदा बिक्री भी कर सकेंगे। एनएसीएसए (नेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबल एक्वाकल्चर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) की एक विस्तारित शाखा है। गोयल ने कहा, ''यह वेबसाइट नये और डिजिटल समाधान के जरिये स्पष्ट रूप से हमारे किसानों को सशक्त बनाएगा। इससे किसानों को अपने उत्पाद बेचने का अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। अब हमारे किसान इस मंच के जरिये आसानी से अपने उत्पादन बेच सकते हैं।'' उन्होंने कहा यह मंच मछली और जल कृषकों को आजादी, विकल्प और अवसर उपलब्ध कराएगा। इससे विक्रेताओं खरीदार दोनों के लिये निष्पक्ष मूल्य सुनिश्चित हो सकेगा। गोयल के अनुसार, ''ई-सांता सामूहिक रूप से उत्पादों को खरीदने वाले, मछुआरों एवं मत्स्य उत्पादक संगठनों को एक साथ लाने का एक माध्यम बन सकता है, और इससे भारत एवं विश्व के लोग ये जान सकते हैं कि क्या उपलब्ध है।

**BIHAR SPONGE IRON LIMITED**
**CIN :L27106JH1982PLC001633**
**REGD.OFFICE:** Umesh Nagar, Chandil, District Saraikela Kharsawan, Jharkhand-832401
**Tel.:** +01234-259206 **Fax:** +91-1234-259200
**E -Mail :** companysecretary@bsil.org.in, **Website :** www.bsil.org.in

**NOTICE FOR TRANSFER OF SHARES**

Notice is hereby given that the following share certificates have been lodged with the Company by the transferee for transfer of shares under SEBI Circular SEBI/HO/MIRSD/DOS3/CIR/P/2018/139 dated 6th November 2018 and SEBI/HO/MIRSD/RTAMB/CIR/P/2020/166 dated 7th September 2020. Any person(s) claiming/having any interest in the said shares or any person(s) having any objection to the aforesaid transfer should write/send his/her objection to the Company at companysecretary@bsil.org.in within 30 days of publication of this notice, failing which the Company would be free to consider transfer of shares on merits and the Company shall not be responsible for any loss, financial or otherwise, caused to any person.

| FOLIO NO. | CERTIFICATE NO. | DISTINCTIVE NO. | SELLER'S NAME | BUYER'S NAME | SHARES |
|---|---|---|---|---|---|
| 147171 | 149982<br>118952 | 38336101-38336200<br>35233101-35233200 | SWARNA KUMAR SRIVASTAVA | RAMSWAROOP AGARWAL | 200 |

For Bihar Sponge Iron Limited
Sd/-
Himani Mittal
Company Secretary & Compliance officer

Place: New Delhi
Date : 12.04.2021

## अटल इनोवेशन मिशन के साथ बायर की साझेदारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** सरकार की प्रमुख पहल अटल इनोवेशन मिशन (एआइएम) और लाइफ साइंस कंपनी बायर ने देश में नवाचार और उद्यमशीलता की पहलों को बढ़ावा देने की दिशा में काम करने के लिए साझेदारी की है। एआईएम और बायर के बीच हुई रणनीतिक साझेदारी के स्टेंटमेंट ऑफ इंटेंट (एसओआइ) पर दोनों पक्ष ने हस्ताक्षर किए। एसओआइ विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही डिजिटल समाधान और कृषि-तकनीक को उन्नत बनाने, आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ-साथ स्वास्थ्यसेवा परियोजनाओं को मजबूत बनाने तक फैला हुआ है। इसके अतिरिक्त, बायर कृषि और स्वास्थ्यसेवा क्षेत्रों में नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और अपने वर्तमान एवं भविष्य के कार्यक्रमों को समर्थन देने के लिए एआइएम के साथ सहयोग करेगा।

सर्वे


## इस साल 59 प्रतिशत कंपनियां कर्मचारियों का वेतन बढ़ाएंगी

पिछले साल कोरोना वायरस महामारी की वजह से नीचे आई अर्थव्यवस्था अब उबर रही है।

**मुंबई** ■ भाषा

पिछले साल कोरोना वायरस महामारी की वजह से नीचे आई अर्थव्यवस्था अब उबर रही है। ऐसे में एक अध्ययन में कहा गया है कि इस साल यानी 2021 में भारत में 59 प्रतिशत कंपनियां अपने कर्मचारियों को वेतनवृद्धि देने की तैयारी कर रही हैं।

स्टाफिंग कंपनी जीनियस कंसल्टेंट्स की नियुक्ति, कर्मचारियों के कंपनी छोड़ने और



वेतन के रुख पर 10वीं रिपोर्ट 2021-22 में कहा गया है कि अच्छी वृद्धि दर के साथ बाजार के भी स्थिर रहने की उम्मीद है। कंपनियां अपने कारोबार की निरंतरता की रणनीति पर काम करने के अलावा श्रमबल को भी मजबूत करेंगी। रिपोर्ट में कहा गया है, ''इस साल वेतनवृद्धि का परिदृश्य अच्छा दिख रहा है। 59 प्रतिशत कंपनियों ने कहा कि इस साल वे 5 से 10 प्रतिशत के बीच वेतनवृद्धि देंगी। वहीं 20 प्रतिशत कंपनियों ने कहा कि वेतनवृद्धि पांच प्रतिशत से कम रहेगी। 21 प्रतिशत का कहना था कि 2021 में भी कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि नहीं होगी।''

यह अध्ययन फरवरी और मार्च के दौरान 1,200 कंपनियों के बीच ऑनलाइन किया गया। इनमें बैंकिंग और वित्त, निर्माण और इंजीनियरिंग, शिक्षा/शिक्षण/प्रशिक्षण, एफएमसीजी, आतिथ्य, एचआर समाधान, आईटी, आईटीईएस और बीपीओ, लॉजिस्टिक्स, विनिर्माण, मीडिया, तेल एवं गैस, फार्मा और चिकित्सा, बिजली और ऊर्जा, रियल एस्टेट, खुदरा, दूरसंचार, वाहन और संबद्ध क्षेत्र की कंपनियां शामिल हैं।

### टीसीएस का शेयर 4 प्रतिशत टूटा

**नई दिल्ली, भाषा।** साफ्टवेयर से जुड़ी सेवाएं देने वाली टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर मंगलवार को 4 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया।

### चीन का निर्यात 30.6 प्रतिशत बढ़ा

**बीजिंग, एपी।** वैश्विक उपभोक्ता मांग में सुधार से मार्च में चीन का निर्यात सालाना आधार पर 30.6 प्रतिशत बढ़ा है। इस बीच, कारोबारियों की निगाह अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन पर लगी है कि वह चीन के साथ शुल्क युद्ध को समाप्त करने को वार्ता शुरू करने की दिशा में क्या कदम उठाते हैं। सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों के अनुसार मार्च में चीन का निर्यात बढ़कर 241.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, 2021 के पहले दो माह में निर्यात में 60.6 प्रतिशत का उल्लेखनीय इजाफा हुआ था। इस दौरान चीन का आयात भी 38.1 प्रतिशत बढ़कर 227.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो चीन में गतिविधियों में सुधार का संकेतक है। सीमा शुल्क विभाग के प्रवक्ता ली क्यूवेन ने कहा, ''यह इस बात का सकारात्मक संकेत है कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक और कारोबारी गतिविधियां सुधर रही हैं।'' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक स्थिति अब भी जटिल और गंभीर बनी हुई है।

### रेनॉल्ट ने सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर के साथ हाथ मिलाया

**नई दिल्ली, भाषा।** ऑटो विनिर्माता रेनॉल्ट इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने ग्रामीण इलाकों में पैठ बढ़ाने के लिए सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर के साथ समझौता किया है। कंपनी ने बताया कि इस साझेदारी के तहत उसकी गाड़ियां सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर पर सूचीबद्ध की जाएंगी और संभावित ग्राहकों तक उन्हें ग्रामीण उद्यमियों के जरिए पहुंचाया जाएगा। सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल खरीदारी को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई एक ई-कॉमर्स पहल है। रेनॉल्ट ने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ई-कॉमर्स को मजबूत बनाने के लिए वह गांव स्तर पर नियुक्त उद्यमियों की मदद लेगा।

### पाइन लैब्स ने किया 4.5 करोड़ डॉलर में फेव का अधिग्रहण

**नई दिल्ली, भाषा।** भुगतान समाधान प्रदाता पाइन लैब्स ने उपभोक्ता वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच फेव का 4.5 करोड़ डॉलर (339 करोड़ रुपये) में अधिग्रहण किया है। एक बयान में यह जानकारी दी गई है। इसके तहत फेव के संस्थापकों की भूमिका का विस्तार होगा और वे एशिया भर में कुल उपभोक्ता मंच की अगुवाई करेंगे।

**कार्यालय, जिला परिषद् सिमडेगा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - 02/2021-22**

जिला परिषद् सिमडेगा में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से दो लिफाफा पद्धति अंतर्गत मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो अंततः लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र एफ-2 एकरानामा में वर्णित शर्तों के साथ अंकित की जायेगी।

1.विभाग का नाम :- जिला परिषद सिमडेगा
2.विज्ञापन दाता का नाम :- उप विकास आयुक्त -सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, सिमडेगा।
3.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :- 20.04.2021 से 22.04.2021 तक (कार्यालय अवधि में अपराह्न 2:00 बजे तक )
4.निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :- 23.04.2021 (पूर्वाह्न 11.00 बजे से 1:30 बजे अपराह्न तक)
5.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 23.04.2021 (अपराह्न 2:30 बजे )
6.परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :- कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
7.निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :- कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
8.कार्य विवरणी :-

| ग्रुप/क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुरडेग | कोकड़ाछेरा में रामप्रताप साय के घर के पास 120X100 का तालाब निर्माण । | 668200.00 | 14000.00 | 1250.00 | एक माह |
| 2 | कुरडेग | डुमरडीह में 120X100 का तालाब निर्माण । | 668200.00 | 14000.00 | 1250.00 | एक माह |
| 3 | ठेठईटांगर (पूर्वी भाग) | प्रखण्ड ठेठईटांगर के टापूडेगा मौजा अंतर्गत जिला परिषद बोर्ड सिमडेगा की अपनी भूमि में 250x250 का तालाब निर्माण। | 2414800.00 | 50000.00 | 5000.00 | एक माह |
| 4 | जलडेगा | जलडेगा प्रखण्ड के टाटी पंचायत टोनिया मुसरीबेड़ा में 100 X120 का तालाब निर्माण। | 668200.00 | 14000.00 | 1250.00 | एक माह |
| 5 | जलडेगा | जलडेगा प्रखण्ड के टाटी पंचायत में टोनिया पिंडीटोली में 100X120 का तालाब निर्माण । | 668200.00 | 14000.00 | 1250.00 | एक माह |
| | | कुल योग | 5087600.00 | | | |

निविदा शर्तें www.simdega.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद्, सिमडेगा के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त-सह -
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद्, सिमडेगा

PR 245602 Rural Development(21-22).D

